आकाशवाणी शिमला

13.05.2026 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

राज्यपाल

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के राष्ट्रीय आहवान पर लोकभवन शिमला को ईंधन संरक्षण क्षेत्र घोषित किया गया है। राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता ने आज बताया कि लोकभवन शिमला में प्रत्येक रविवार को पैट्रोल फ्री संडे के रूप में मनाया जाएगा जिसके तहत रविवार के दिन कोई भी सरकारी वाहन ईंधन का उपयोग नहीं करेगा। रविवार को निर्धारित सभी सरकारी कार्य विडियो कांफ्रेंसिंग या सामूहिक यात्रा व्यवस्था के माध्यम से सम्पन्न किए जाएंगे। राज्यपाल ने अपने आधिकारिक काफिले के वाहनों को तत्काल प्रभाव से आधा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया संकट की समाप्ति और वैश्विक ईंधन की कीमतों के स्थिर आने तक वे किसी भी सरकारी कार्य के लिए राज्य सरकार के हैलीकॉप्टर का उपयोग नहीं करेंगे। राज्यपाल ने सभी संबंधित कुलपतियों से प्रदेश के विश्वविद्यालय परिसरों में तत्काल प्रभाव से ईंधन और ऊर्जा संरक्षण को संस्थागत रूप से अपनाने का आहवान किया है। कविन्द्र गुप्ता ने युवाओं से महाविद्यालयों, छात्रावासों और जनसमुदायों में ईंधन संरक्षण आंदोलन का अग्रदूत बनने का आग्रह किया।

मंत्रिमंडल–एमएसपी

केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने विपणन सीजन 2026–27 के लिए 14 खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि की मंजूरी दी है। मंत्रिमंडल की बैठक के बाद सूचना व प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने संवाददाताओं से कहा कि सरकार ने किसानों को उनके उत्पादों का लाभकारी मूल्य सुनिश्चित करने के लिए खरीफ फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ा दिया है। उन्होंने कहा कि खरीफ सीजन के लिए किसानों को अनुमानित दो लाख 60 हजार करोड़ रुपये का भुगतान किया जाएगा।

प्रचार

प्रदेश में नगर निगम व स्थानीय शहरी निकायों सहित पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव को लेकर प्रचार अभियान गति पकड़ने लगा है। भाजपा व कांग्रेस दोनों ही पार्टियों के नेता अपने–अपने प्रत्याशियों के पक्ष में चुनाव प्रचार में जुटे हैं। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रभारी श्रीकांत शर्मा, सहप्रभारी संजय टंडन, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर और सांसद डॉक्टर सिकंदर कुमार, सुरेश कश्यप व डॉक्टर राजीव भारद्वाज सहित अन्य पार्टी पदाधिकारी एकजुट होकर बैठकों, सम्मेलनों, जनसभाओं और रैलियों का नेतृत्व कर रहे हैं। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि चुनावों को लेकर लोग उत्साहित हैं और मण्डी नगर निगम चुनाव में भाजपा इस बार प्रचण्ड जीत हासिल करेगी। उधर कांग्रेस पार्टी की प्रदेश मामलों की प्रभारी रजनी पाटिल ने आज मण्डी में नगर निगम चुनाव को लेकर विभिन्न वार्डों में चुनाव प्रचार कर लोगों से कांग्रेस को समर्थन देने की अपील की। अर्की के विधायक संजय अवस्थी ने सोलन में चुनाव प्रचार करते हुए मतदाताओं से कांग्रेस के उम्मीदवारों के लिए वोट की अपील की।

चुनाव प्रबंध

प्रदेश में नगर निगम व शहरी निकायों के चुनाव के लिए 17 मई को होने वाले मतदान को लेकर निर्वाचन विभाग द्वारा सभी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इसी कड़ी में नाहन के एसडीएम राजीव सांख्यान ने बताया कि आज मतदान डयूटी में तैनात कर्मचारियों को ईवीएम के इस्तेमाल संबंधी जानकारी दी गई। उधर पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव को लेकर भी राज्य के विभिन्न स्थानों पर चुनाव डयूटी पर तैनात अधिकारियों व कर्मचारियों को मतदान प्रक्रिया से संबंधित विभिन्न चरणों की विस्तृत जानकारी दी गई।

एचआरटीसी हड़ताल

राज्य पथ परिवहन निगम के चालकों व परिचालकों ने वेतन मिलने के बाद आज अपनी हड़ताल खत्म कर दी है। हालांकि निगम की चालक व परिचालक यूनियन के अध्यक्ष मान सिंह ने चेतावनी दी है कि अगर हर महीने की एक तारीख को कर्मचारियों को वेतन नहीं मिला तो दो तारीख से वे अपनी सेवाएं नहीं देंगे।

———————————